# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साईं आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: peruralsitapur@gmail.com

पत्र संख्या: 8459 / M-16 / 227 दिनांक: 14 / 09 / 2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः- दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " जल जीवन मिशन के नल शोपीस बने: सीतापुर के रामपुर में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी, मोटर ऑपरेटर ने बताई वजह " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " जल जीवन मिशन के नल शोपीस बने: सीतापुर के रामपुर में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी, मोटर ऑपरेटर ने बताई वजह " शीर्षक से दिनांक 13.09.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत रामपुर पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत रामपुर पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा किया जा रहा है। योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, 01 नग सोलर सिस्टम, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, वितरण प्रणाली 5.235 कि0मी0 एवं 347 नग गृह जल संयोजन प्रस्तावित है। जिसके सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस 80 प्रतिशत, 01 नग शिरोपरि जलाशय ग्राउण्ड लेवल तक, 01 नग सोलर सिस्टम, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 01 वितरण प्रणाली 5.406 कि0मी0 एवं 325 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। योजनान्तर्गत आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है।

उक्त योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यों को दिसम्बर 2027 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। तदानुसार कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर 2027 तक योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कर योजना को कियाशील एवं जन उपयोगी करा दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।
2. जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्यो को ससमय फर्म के माध्यम से पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति प्रदान कराना सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्यो को ससमय पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

UPJNR News Cutting 2026 S. Saini

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।
साईं आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com

पत्र संख्याः 8459 / M-16 / 227 दिनांकः 14 / 09 / 2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

विषयः— दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " जल जीवन मिशन के नल शोपीस बनेः सीतापुर के रामपुर में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी, मोटर ऑपरेटर ने बताई वजह " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " जल जीवन मिशन के नल शोपीस बनेः सीतापुर के रामपुर में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी, मोटर ऑपरेटर ने बताई वजह " शीर्षक से दिनांक 13.09.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत रामपुर पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है।

विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत रामपुर पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा किया जा रहा है। योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, 01 नग सोलर सिस्टम, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, वितरण प्रणाली 5.235 कि0मी0 एवं 347 नग गृह जल संयोजन प्रस्तावित है। जिसके सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस 80 प्रतिशत, 01 नग शिरोपरि जलाशय ग्राउण्ड लेवल तक, 01 नग सोलर सिस्टम, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 01 वितरण प्रणाली 5.406 कि0मी0 एवं 325 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। योजनान्तर्गत आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है।

उक्त योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2027 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। तदानुसार कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर 2027 तक योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कर योजना को कियाशील एवं जन उपयोगी करा दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।
2. जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्यो को ससमय फर्म के माध्यम से पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति प्रदान कराना सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्यो को ससमय पूर्ण कराते हुये नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner


GPS Map Camera
Google
Rampur, Uttar Pradesh, India
7px5+p3g, Rampur, Uttar Pradesh 261303, India
Lat 27.298897° Long 80.708363°
Monday, 14/09/2026 08:32 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Rampur, Uttar Pradesh, India
7px5+p3g, Rampur, Uttar Pradesh 261303, India
Lat 27.298907° Long 80.708244°
Monday, 14/09/2026 08:32 AM GMT +05:30

## जल जीवन मिशन के नल शोपीस बने: सीतापुर के रामपुर में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी, मोटर ऑपरेटर ने बताई वजह

अमित कुमार राठौर | मछरेहटा, सीतापुर | 13/09/26



शेयर

नल शोपीस बने।

सीतापुर जिले के मछरेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामपुर में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नल अब सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। ग्रामीणों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है।

गांव के निवासी और बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारी मो. इकबाल ने बताया कि रविवार सुबह धूप होने के बावजूद पानी नहीं आया। उन्होंने इसकी शिकायत मोटर ऑपरेटर से की।

इकबाल ने बताया कि रविवार सुबह धूप होने के बावजूद पानी नहीं आया। उन्होंने इसकी शिकायत मोटर ऑपरेटर से की।



ऑपरेटर ने बताया कि पानी अभी चलाया जा रहा है। हालांकि, थोड़ी देर पानी चलने के बाद उसे फिर से बंद कर दिया गया। अन्य ग्रामीणों ने भी बताया कि उन्हें समय पर पानी नहीं मिलता है। कई बार तो पूरे-पूरे दिन पानी नहीं आता है।

वहीं, मोटर ऑपरेटर हिमांशु ने बताया कि मोटर लोड लेने के बाद अपने आप बंद हो जाती है, जिससे लोगों को समस्या हो रही है।

